**प्रेस नोट**

**जनपद सोनभद्र**

**दिनांक – 02.02.2026**

## सोनभद्र पुलिस की माह जनवरी 2026 में बड़ी सफलता

## CEIR पोर्टल के माध्यम से 151 खोए मोबाइल फोन (कीमत लगभग ₹30 लाख) बरामद कर स्वामियों को लौटाए

पुलिस अधीक्षक जनपद सोनभद्र श्री **अभिषेक वर्मा** के निर्देशन एवं पर्यवेक्षण में साइबर अपराध की रोकथाम, खोए/गुम हुए मोबाइल फोन की बरामदगी तथा आमजन को त्वरित तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत जनपद सोनभद्र पुलिस को माह **जनवरी 2026** में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है।

इस अभियान के तहत सर्विलांस सेल, एसओजी टीम तथा जनपद के समस्त थानों की संयुक्त टीमों द्वारा **CEIR (Central Equipment Identity Register) पोर्टल** के माध्यम से तकनीकी विश्लेषण एवं सतत मॉनिटरिंग करते हुए कुल **151 मोबाइल फोन**, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग **₹30 लाख** है, सफलतापूर्वक ट्रेस कर बरामद किए गए।

बरामद किए गए सभी मोबाइल फोन को विधिक प्रक्रिया पूर्ण करते हुए उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किया गया। अपने बहुमूल्य मोबाइल पुनः प्राप्त होने पर नागरिकों द्वारा अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त की गई तथा जनपद सोनभद्र पुलिस की तत्परता, पारदर्शिता एवं जनहितकारी कार्यशैली की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व **माह दिसंबर 2025** में भी सोनभद्र पुलिस द्वारा **253 खोए मोबाइल फोन** बरामद कर उनके स्वामियों को लौटाए गए थे। लगातार दो माह में मिली यह सफलता जनपद पुलिस की तकनीकी दक्षता, अथक प्रयास एवं आमजन के प्रति संवेदनशील कार्यशैली को दर्शाती है।

पुलिस अधीक्षक जनपद सोनभद्र श्री **अभिषेक वर्मा** द्वारा इस सराहनीय उपलब्धि हेतु सर्विलांस सेल, एसओजी टीम एवं संबंधित थाना प्रभारियों/कर्मचारियों के कार्य की प्रशंसा करते हुए उन्हें भविष्य में भी इसी प्रकार जनसेवा के लिए प्रोत्साहित किया गया।